सत्यब्रत साहु, आई.ए.एस.
संयुक्त सचिव

भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स,लोदी रोड,
नई दिल्ली-110003

दिनांक: 5 नवंबर, 2014

प्रिय महोदय,

सचिव (पेयजल एवं स्वच्छता) द्वारा एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत व्यय की स्थिति के बारे में समीक्षा की गई थी। यह पाया गया था कि पूर्वोत्तर राज्यों का व्यय काफी कम था। उन्होंने निदेश दिए हैं कि अवर सचिव (जल) के साथ संयुक्त सचिव (जल) दिनांक 10 नवंबर, 2014 को गुवाहाटी का दौरा करें और पूर्वोत्तर राज्यों की एक समीक्षा बैठक लें जिसमें उनके व्यय को शीघ्रता से बढ़ाने की आवश्यकता के बारे में जोर दें ताकि उन्हें एनआरडीडब्ल्यूपी निधियों की दूसरी किस्त प्राप्त हो सके।

2. तदनुसार, अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्री ए.के.श्रीवास्तव, अवर सचिव (जल) के साथ दिनांक 19 नवंबर, 2014 को गुवाहाटी को दौरा किया जाएगा और पीएचईडी कॉफ्रेंस हॉल, असम सरकार सचिवालय, गुवाहाटी में पूर्वोत्तर राज्यों के प्रधान सचिवों/ सचिवों, प्रभारी ग्रमीण जल आपूर्ति के साथ समीक्षा बैठक की जाएगी। आपसे अनुरोध है कि आप इस बैठक में अपने इंजीनियर-इन-चीफ/ मुख्य अभियंता के साथ व्यक्तिगत रूप से भाग लें। बैठक पूर्वाहन 9.00 बजे शुरू होगी ताकि हम मुख्यालय में उसी दिन वापस पहुँच सकें। इस बैठक के सभी प्रबंध पीएचईडी, असम द्वारा किए जा रहे हैं। आपके कार्यक्रम आदि की सूचना श्री अशोक कुमार दास, सचिव, पीएचईडी, असम (0361-2237024(कार्यालय) और मोबाइल: 09864016042) को भेजी जाए।

सादर,

आपका,

(सत्यब्रत साहु)

सेवा में,
पूर्वोत्तर राज्यों में प्रधान सचिव/ सचिव प्रभारी ग्रामीण जल आपूर्ति